भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4424

जिसका उत्तर मंगलवार 08 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

## सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया

**4424. श्री वीरेन्द्र कश्यप:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की कुछ इकाइयों को छोड़कर बाकी बंद हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण हैं;

(ग) चालू सीसीआई एककों का उनके लाभ के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या असम, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में सीसीआई के कर्मचारियों को 1.1.2017 से लेकर आईडीए वेतनमान का तीसरा वेतन संशोधन नहीं दिया गया है;

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और इन कर्मचारियों को वेतनमान लाभ देने के मामलें में कितना अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा; और

(च) ऐसे निर्णय से कुल कितने कर्मचारियों के लाभान्वित होने की संभावना है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क) से (च):** जी हाँ, सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की कई इकाइयाँ बंद है जबकि बोकाजन (असम), तांडूर (तेलंगाना) और राजबन (हिमाचल प्रदेश) की इकाइयाँ काम कर रही हैं। सीसीआई के पिछले तीन वर्षों के लाभ (कर के बाद लाभ) का विवरण नीचे दिया जा रहा हैः

| क्रम सं. | वित्तीय वर्ष | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | 2015-16 | **53.51** |
| 2 | 2016-17 | **42.33** |
| 3 | 2017-18 | **17.99** |

इस संबंध में लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशो के अनुसार सीसीआई के कर्मचारियों के वेतन के संशोधन संबंधी प्रस्ताव की जाँच की जा रही है।

******